रत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

20.11.2019 के

अतारांकित प्रश्न सं. 533 का उत्तर

शापुर-सरदिया रेलमार्ग के बीच आमान परिवर्तन

533. श्री रमेशभाई लवजीभाई धड़ुकः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को जानकारी है कि गुजरात राज्य में शापुर-सरदिया के बीच मीटर गेज रेलमार्ग कई वर्षों से जीर्ण-क्षीर्ण अवस्था में है और क्या सरकार ने इस रेलमार्ग के आमान परिवर्तन हेतु कोई कार्रवाई की है;

(ख) यदि हां, तो क्या इस संबंध में अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है;

(ग) यदि हां, तो शापुर-सरदिया रेलमार्ग के आमान परिवर्तन के कार्य को कब तक पूरा किया जाएगा;

(घ) क्या गुजरात राज्य के सौराष्ट्र क्षेत्र में स्थित उपलेता में रेल लाइन को वर्ष 2012 में ब्रॉड गेज में परिवर्तित किया गया था और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या आमान परिवर्तन से पूर्व कहां तीन यात्री रेलगाड़ियां चल रही थीं जबकि आमान परिवर्तन के पश्चात् इस रेलमार्ग पर केवल एक यात्री रेलगाड़ी चल रही है; और

(च) यदि हां, तो सरकार द्वारा पोरबंदर-उपलेता-मुंबई के बीच यात्री रेलगाड़ी को कब तक शुरू किया जाएगा?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (च): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

******

Sk

शापुर-सरदिया रेलमार्ग के बीच आमान परिवर्तन के संबंध में दिनांक 20.11.2019 को लोक सभा में श्री रमेशभाई लवजीभाई धडुक के अतारांकित प्रश्न सं. 533 के भाग (क) से (च) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (ग): राजकोट-वेरावल आमान परिवर्तन परियोजना में महत्वपूर्ण संशोधन के रूप में 2011-12 में शाहपुर-सराडिया (47.00 किमी) का आमान परिवर्तन स्वीकृत किया गया था, लेकिन इस खंड पर नगण्य यातायात और चालू परियोजनाओं के भारी थ्रोफॉर्वर्ड के कारण इसे निष्पादन के लिए आगे नहीं ले जाया जा सका।

(घ): जी हां। उपलेटा रेलवे स्टेशन, वांसजालिया-जैतलसर खंड पर है, जिसे पहले ही बड़ी लाइन में परिवर्तित कर दिया गया है और इसे फरवरी, 2011 में चालू किया जा चुका है।

(ङ) और (च): भारतीय रेल में रेलगाड़ियों की शुरुआत करना एक सतत प्रक्रिया है और इसे यातायात की मांग, परिचालनिक व्यवहार्यता, संसाधनों की उपलब्धता, प्रतिस्पर्धी मांगों, आदि को ध्यान में रखते हुए किया जाता है।

*****

Sk